13/2/22

# HND 102
# B.A. 1st SEMESTER EXAMINATION, 2021-22
# HINDI
## (Hindi Kavya-I)
## Credit (3+0)
## (CBCS Mode)

| Important Instruction : | महत्वपूर्ण निर्देश : |
|---|---|
| The question paper is in two sections : Section-A (Descriptive) will be of 15 marks and Section-B (Objective) will be of 60 marks. **Section-A will be deposited at the end of the examination and answer sheet (OMR) of Section-B will be deposited.** | प्रश्न पत्र दो भागो में है : खण्ड–अ (व्याख्यात्मक) 15 अंकों का होगा एवं खण्ड–ब (बहुविकल्पीय) 60 अंक का होगा। **खण्ड–अ परीक्षा के अन्त में जमा कर लिया जायेगा एवं खण्ड–ब का उत्तर पत्रिका (OMR) जमा होगा।** |

0436

## खण्ड–अ (व्याख्यात्मक)
## Section-A (Descriptive)

**Time : 1 Hrs.** **Max. Marks : 15**
**समय : 1 घण्टे** **अधिकतम अंक : 15**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) ____________

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________

Roll No. (In Word) : ____________

अभ्यर्थी का नाम : ____________

Student Name : ____________

कक्ष परिप्रेक्षक के हस्ताक्षर / Invigilator's Signature : ____________

Note : (i) Total No. of Questions are Six.
(ii) Answer three questions in all.
(iii) All Questions carry equal marks.

नोट : (i) कुल छः प्रश्न दिए गये हैं।
(ii) किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. आदिकाल के नामकरण और काल–निर्धारण पर विचार कीजिए।

2. गोरखनाथ के काव्य–सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

3. कबीरदास की भक्ति–भावना का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

4. सूरदास के विरह–विर्णन का वैशिष्ट्य उद्घाटित कीजिए।

5. 'तुलसीदास का काव्य–सौन्दर्य अनुपम एवं अद्वितीय है।' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

6. बिहारी भक्ति, नीति एवं श्रृंगार के कवि हैं। सोदाहरण विवेचना कीजिए।

# खण्ड–ब (बहुविकल्पीय)
# Section-B (Objective)
# HND 102
# B.A. 1st SEMESTER EXAMINATION, 2021-22
# HINDI
# (Hindi Kavya-I)
# Credit (3+0)
# (CBCS Mode)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)
**0436**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures)

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________

Roll No. (In Word) : ____________

**Time : 1½ Hrs.** | **Max. Marks : 60**

**समय : 1½ घण्टे** | **अधिकतम अंक : 60**

नोट : पुस्तिका में 40 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.
2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।
2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. आदिकाल को 'वीरगाथा काल' कहा–

(A) रामचन्द्र शुक्ल ने

(B) रामकुमार वर्मा ने

(C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने

(D) मिश्रबन्धु ने

2. आदिकाल को 'सिद्धसामंत काल' कहा –

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

(B) सुमन राजे ने

(C) राहुल सांकृत्यायन ने

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने

3. सिद्धों की संख्या है–

(A) 84

(B) 88

(C) 92

(D) 95

4. जैन ग्रंथ 'श्रावकाचार' के रचनाकार हैं–

(A). हरिभद्र सूरि

(B) देवसेन

(C) धर्मसूरि

(D) राजशेखर सूरि

5. नाथों की संख्या मानी गई है–

(A) नौ

(B) आठ

(C) दस

(D) पन्द्रह

6. 'गोरखबानी' के संपादक हैं–

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) डॉ०पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल

(D) रामकुमार वर्मा

7. 'चंदबरदायी' की रचना है–

(A) खुमाणरासो

(B) परमालरासो

(C) हम्मीररासो

(D) पृथ्वीराजरासो

8. 'खुमाणरासों' रचना है–

(A) दलपति विजय की

(B) नरपति नाल्ह की

(C) केदारभट्ट की

(D) मधुकर भट्ट की

9. अमीर खुसरो शिष्य थे–

(A) रूमी के

(B) निजामुद्दीन औलिया के

(C) मंसूर हल्लाज के

(D) ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती

10. 'वसन्त विलास' का संपादन सर्वप्रथम किसने किया?

(A) कुशलराय

(B) कल्लोल

(C) केशवलाल हर्षादराय

(D) इनमें से कोई नहीं

11. 'भक्ति' शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है–

(A) श्वेताश्वेतर उपनिषद्

(B) कठोपनिषद्

(C) मांडूक्य उपनिषद्

(D) इनमें से कोई नहीं

12. भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का 'स्वर्णयुग' कहा था–

(A) रामविलास शर्मा

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) जार्ज ग्रियर्सन

(D) रामचन्द्र शुक्ल

13. 'गोरी सोवै सेज पर, मुख पर डारै केस' प्रसिद्ध पंक्ति है–

(A) अमीर खुसरो

(B) तुलसीदास

(C) गोरखनाथ

(D) बिहारी

14. 'आल्हा–ऊदल' नामक दो सरदारों की वीरता का वर्णन है–

(A) परमाल रासो

(B) बीसलदेव रासो

(C) विजयपाल रासो

(D) खुमाण रासो

15. कबीर को 'भाषा का डिक्टेटर' कहा–

(A) रामचन्द्र शुक्ल ने

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

(C) श्यामसुन्दरदास

(D) इनमें से कोई नहीं

16. 'रामचरितमानस' में अयोध्याकाण्ड' के पूर्व काण्ड है–

(A) अरण्यकाण्ड

(B) सुन्दरकाण्ड

(C) बालकाण्ड

(D) लंकाकाण्ड

17. आपके पाठ्यक्रम में शामिल 'जायसी ग्रंथावली' के संपादक हैं–

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) डॉ० नगेन्द्र

(D) रमेशचन्द्र शाह

18. 'गोकुल सबै गोपाल–उपासी।
जोग–अंग साधन जे उधो, ते सब बसत
ईसपुर काशी'–प्रसिद्ध पंक्तियाँ हैं–

(A) कबीरदास की

(B) जायसी की

(C) सूरदास की

(D) तुलसीदास की

19. 'संतौ भाई! आई ग्यान की आंधी रे।' प्रसिद्ध पंक्ति है–

(A) कबीरदास की

(B) तुलसीदास की

(C) सूरदास की

(D) नाभादास की

20. 'वात्सल्य और श्रृंगार के क्षेत्र का जितना अधिक उद्घाटन सूर ने बंद आँखों से किया, उतना किसी और कवि ने नहीं'। प्रसिद्ध कथन है–

(A) रामचन्द्र शुक्ल का

(B) रामकुमार वर्मा का

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(D) डॉ० नगेन्द्र का

21. बिहारी कवि है–

(A) रीतिसिद्ध

(B) रीतिबद्ध

(C) रीतिमुक्त

(D) इनमें से कोई नहीं

22. 'छाप–तिलक तज दीन्ही रे,

तो से नैना मिला के'।

प्रसिद्ध पंक्ति है–

(A) सूरदास की

(B) तुलसीदास की

(C) अमीर खुसरो की

(D) कबीरदास की

23. 'नव पौरी पर दसवँ दुवारा। तेहि पर बाज राज घरियारा।।'

घरी सो बैठि गनै घरियारी। पहर पहर सो आपनि बारी।।

प्रसिद्ध पंक्तियाँ हैं –

(A) जायसी की

(B) सूरदास की

(C) कबीरदास की

(D) तुलसीदास की

24. 28. 'बीजक' रचना है–

(A) कबीरदास की

(B) सूरदास की

(C) तुलसीदास की

(D) इनमें से कोई नहीं

25. 'मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ।

जा तन की झाँई परै स्यामु हरित–दुति होइ।।'

प्रसिद्ध पंक्ति हैं –

(A) बिहारी की

(B) कबीरदास की

(C) जायसी की

(D) सूरदास की

26. "नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल।

अली कली ही सो बध्यो, आगे कौन हवाल।।'

प्रसिद्ध पंक्ति है–

(A) सूरदास की

(B) बिहारी की

(C) तुलसीदास की

(D) इनमें से कोई नहीं

27. 'सतसई' का सम्बन्ध है–

(A) कबीरदास से

(B) जायसी से

(C) तुलसीदास से

(D) बिहारी से

28. रीतिकाल को 'श्रृंगार–काल' किसने कहा–

(A) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने

(B) त्रिलोचन ने

(C) रमाशंकर शुक्ल ने

(D) मिश्रबन्धु ने

29. रीतिकाल को 'अलंकृत' काल किसने कहा–

(A) डॉ० नगेन्द्र ने

(B) रमाशंकर शुक्ल ने

(C) मिश्रबन्धु ने

(D) त्रिलोचन ने

30. 'मैया कबहि बढ़ेगी चोटी।

कितिक बार महिं दूध पियत भइ, यह अजहूँ है छोटी।।'

प्रसिद्ध पंक्तियाँ हैं–

(A) सूरदास की

(B) कबीरदास की

(C) तुलसीदास की

(D) नाभादास की

31. 'पद्मावत' का पात्र 'रत्नसेन' प्रतीक है–

(A) शैतान का

(B) आत्मा (मन) का

(C) माया का

(D) गुरू का

32. 'पद्मावत' की भाषा है–

(A) अवधी

(B) भोजपुरी

(C) ब्रज

(D) इनमें से कोई नहीं

33. भक्तिकाल को 'लोक जागरण काल' किसने कहा–

(A) रामविलास शर्मा ने

(B) रामचंद्र शुक्ल ने

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी ने

(D) रामकुमार वर्मा ने

34. 'सरवर तीर पद्मिनि आई। खोंपा छोरि केस मुकलाई।'

प्रसिद्ध पंक्ति है–

(A) जायसी की

(B) सूरदास की

(C) तुलसीदास की

(D) बिहारी की

35. 'प्रेम की पीर' का कवि कहा जाता है–

(A) बिहारी को

(B) घनानन्द को

(C) देव को

(D) मतिराम को

36. 'सुजान हित' रचना है–

(A) मतिराम की

(B) आलम की

(C) घनानन्द की

(D) सेनापति की

37. रीतिबद्ध कवि नहीं है–

(A) केशवदास

(B) चिंतामणि

(C) बोधा

(D) जसवंत सिंह

38. निम्नलिखित में से रीति सिद्ध धारा के हैं–

(A) भूषण

(B) ठाकुर

(C) बिहारी

(D) नेवाज

39. "अजौं तरौना ही रहयौ, श्रुति सेवत इक अंग" पंक्तियां हैं–

(A) घनानन्द की

(B) बिहारी की

(C) पद्माकर की

(D) कबीर की

40. "नीर–सनेही को लाय कलंक निरास है कायर त्यागत प्रानै"

उपर्युक्त पंक्तियाँ हैं–

(A) बिहारी की

(B) घनानन्द की

(C) केशव की

(D) पद्माकर की

*****